आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
27.07.2025 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ हफ्तों में खेल, विज्ञान और संस्कृति मे ऐसा कुछ हुआ है, जिस पर पूरा देश गर्व से भर गया। प्रधानमंत्री ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की धरती पर सकुशल वापसी का जिक किया। श्री मोदी आज आकाशवाणी के मन की बात कार्यकम की 124 वीं कडी में अपने विचार साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान को लेकर बच्चों में नई जिज्ञासा जगी है। प्रधानमंत्री ने नेशनल स्पेस डे को मनाने को लेकर आईडिया भेजने की बात कही।

-----

यूनेस्को की ओर से देश के 12 किलो को वर्ल्ड हेरिटेज साइट की मान्यता देने की चर्चा भी प्रधानमंत्री ने की। उन्होंने देशवासियों से इन किलो की यात्रा करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने राजस्थान के दुर्गों का भी जिक किया।

-----

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है और वोकल फोर लोकल अत्मनिर्भर भारत का सबसे बडा आधार है। उन्होंने भारत में बनी चीजों को खरीदने का संकल्प दोहराया। पांडुलिपियों को भारत की आत्मा का अध्याय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढी के लिए इस विरासत को सहेजना हम सब की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने जैव विविधता के प्रयासों को बढावा देने पर भी जोर दिया। श्री मोदी ने वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स में भारत की उपलब्धियों को सराहा। उन्होंने कहा कि भारत ने इसमें 600 मेडल जीते। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने हर दिन स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि अगस्त का महीना कांति का महीना है। उन्होंने देशवासियों को इस दौरान आने वाले विभिन्न पर्वो की भी शुभकामनाएं दी।

0000

उत्तराखण्ड के हरिद्वार में मनसा माता मंदिर मार्ग पर भगदड मचने से 6 लोगों की मृत्यु हो गयी। इसके साथ ही कई लोगों के घायल होने का समाचार है। मंदिर मार्ग पर हाई वोल्टेज का तार गिरने से हफरा तफरी मच गई और स्थिति बेकाबू हो गई। मंदिर में आज भारी संख्या में श्रद्धालु पंहुचे थे। मौके पर पुलिस, राज्य आपदा प्रबंधन बल की ओर से राहत और बचाव कार्य जारी है।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में 76वें राज्यस्तरीय वन महोत्सव का शुभारम्भ कर रहे है।ये आयोजन भांकरोटा स्थित जगदगुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पौधरोपण कर मातृ वन की स्थापना करेंगे। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से बीजारोपण भी किया जायेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री शर्मा सीकर जिले के मंडावरा में वन महोत्सव कार्यकम में शामिल होंगे। वन मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि हरियाली तीज के पावन अवसर पर आज राज्य के सभी जिलों में वन महोत्सव आयोजित किये जा रहे है। इनमें एक ही दिन में ढाई करोड़ पौधे लगाने का लख्य रखा गया है। सवाईमाधोपुर, अलवर, झुंझुनूं कोटपूतली–बहरोड़, बालोतरा, हनुमानगढ़ सहित अन्य सभी स्थानों पर हरियालों राजस्थान के तहत पौधरोपण महाअभियान जारी है।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज झुंझुनूं प्रवास पर है। श्री बागडे का एक सम्मान समारोह में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और विधायक राजेन्द्र भांभू ने झुंझुनूं पंहुचने पर राज्यपाल की अगुवाई की।

00000